इस अलौकिक, दिव्य व भव्य कार्यक्रम में 800 युगलों को सम्मानित किया और 4,500 ब्रह्माकुमार भाई-बहनें बने साक्षी

# संसार का सात्विक विकास महाशक्ति के बिना असंभव

**गांधीनगर-से.28(गुज.)।** ब्रह्माकुमारी मणिनगर सबज़ोन एवं गांधीनगर सेवाकेन्द्र द्वारा गांधीनगर सेवाकेंद्र के 45वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर एक भव्य पवित्र-सम्मानित तपस्वी युगल सम्मेलन का आयोजन किया गया। गांधीनगर सेवाकेंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. कैलाश दीदी ने सभी का स्वागत किया। जगतगुरू ओमकारानंद महाराज,अयोध्या धाम ने कहा कि आज बाबा के आशीर्वाद से सफेद पोश लोग नकारात्मकता को दूर कर बेहतर जीवन जी कर पवित्र सृजन कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि 'ओमशांति मंत्र' एक अद्भुत मंत्र है जिसके माध्यम से आत्मा-परमात्मा के वास्तविक स्वरूप को जाना जा सकता है। रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजयशरण,राष्ट्रीय महासचिव,भारत साधु समाज,अयोध्या धाम ने कहा कि

## अयोध्या के संत हुए कार्यक्रम में शामिल...





साधना कोई बाज़ार में बिकने वाली चीज़ नहीं है, बल्कि दृढ़ नियमों, शुद्ध मानसिक जीवन से साधना में सफलता मिलती है और यह ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की बहनों और युगलों द्वारा संयमित जीवन के माध्यम से दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि इस संसार का सात्विक विकास महाशक्ति के बिना संभव नहीं है। ब्रह्म प्राप्ति की सारी बातें ब्रह्माकुमारी संस्थान से मिल रही हैं। उन्होंने वेद, पुराण सहित अनेक ग्रंथों की रूचि का हवाला देते हुए ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की गतिविधियों की सराहना की। विशेषकर धर्मपरायण-तपस्वी युगलों को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया। राजयोगिनी ब्र.कु. उषा दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ संगठन की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया। इस अवसर पर 800 युगलों को तिलक, पटका व मुकुट पहनाकर फूलों से स्वागत किया गया। साज-सज्जा के साथ बैठे 800 युगलों सहित लगभग 4,500 ब्रह्माकुमार व ब्रह्माकुमारी तपस्वियों ने इस धरा के वातावरण को स्वर्ग जैसा उज्ज्वल कर दिया। राजयोगिनी भारती दीदी,निदेशिका, गुजरात ज़ोन,ब्रह्माकुमारीज़, श्रीमती रीटाबेन पटेल,विधायक, गांधीनगर उत्तर, राजयोगिनी ब्र.कु. चंद्रिका दीदी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,युवा प्रभाग, राजयोगिनी ब्र.कु. शारदा दीदी,राष्ट्रीय समन्वयक, महिला प्रभाग, राजयोगिनी ब्र.कु. सरला बहन,राष्ट्रीय अध्यक्षा, ग्राम विकास प्रभाग, राजयोगिनी ब्र.कु. वेदांती दीदी,क्षेत्रीय निदेशिका,अफ्रीका तथाब्र.कु. नेहा दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

> इस कलियुग के कठिन समय में सफेद वस्त्रधारी आत्माएं बाबा के संदेश को दुनिया तक पहुंचाकर परिवर्तन लाएगी और भारत को विश्वगुरू बनाएगी।
> - ओमकारानंद महाराज, अयोध्या

**मुख्यमंत्री का संदेश...**

मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया संदेश ब्र.कु.शारदा दीदी ने पढ़ा, जिसमें उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ की गतिविधियों और उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।

# सही जीवन का आनंद विकारमुक्त व्यक्ति ही ले सकता है



**अमरावती-महा.।** बह्माकुमारीज़ अमरावती के द्वारा आयोजित समाज सेवकों के सम्मान समारोह में बह्माकुमारीज़ की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. संतोष दीदी ने कहा कि परमात्म शक्ति से हम विषय-विकारों पर जीत प्राप्त कर सकते हैं और जो विषय-विकारों से मुक्त है वही जीवन का सही आनंद ले पाता है। समाज के उत्थान में अध्यात्म की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें मनुष्य को इन विकारों काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार से दूर करने की सेवा करनी है। तब ही स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। अध्यात्म आपको सर्वशक्तिवान परमात्मा शिव से जोड़ता है जिससे आप शक्ति प्राप्त कर विकारों पर विजय पा सकते हैं। इसके लिए अपने समय में से थोड़ा समय निकाल कर राजयोग का अभ्यास करें और समाज को श्रेष्ठ बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर 100 से भी अधिक समाजसेवी संस्थाओं के सेवक उपस्थित रहे। धर्मादाय सह आयुक्त संभाजीराव ठाकरे ने कहा कि अध्यात्म के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं। इसके लिए दिन का कुछ समय देना अतिआवश्यक है। धर्मादाय उपायुक्त नवनाथ जगताप ने कहा कि गंगा स्नान से मन पावन नहीं बन सकता, उसके लिए अध्यात्म ज़रूरी है। समाजसेवक लप्पी भैया ने कहा कि मैं संस्था से 15 सालों से जुड़ा हूँ। मुझे ज्ञान हुआ है यह संस्था समाजोत्थान के लिए महान कार्य कर रही है। कार्य को आगे बढ़ाने के लिए हनुमानगढ़ी में 2.5 एकड़ में भव्य निर्माण होने जा रहा है। मैं आप सभी को इस श्रेष्ठ कार्य में सहभागी होने का आह्वान करता हूँ। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. सीता दीदी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. अश्विनी बहन तथा ब्र.कु. डॉ. स्वप्रिल सोनोने ने किया।

> **अपनी दिनचर्या में से थोड़ा समय आध्यात्मिकता के लिए निकालकर समाज सेवा करें - ब्र.कु. संतोष दीदी**
>
> **100 से भी अधिक समाजसेवी संस्थाओं के सेवक रहे उपस्थित**

# यौगिक खेती से होगी पौष्टिक अन्न की प्राप्ति

**नरसिंहपुर-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में राजयोगी ब्र.कु. राजेन्द्र, माउण्ट आबू ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती हुई अनेक प्रकार की बीमारियों को देखते हुए आज शाश्वत यौगिक जैविक खेती की अति आवश्यकता है। कहा जाता है जैसा अन्न वैसा मन। अतः भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए रासायनिक खाद मुक्त शुद्ध सात्विक गुणवत्ता युक्त पौष्टिक अन्न की अति आवश्यकता है जो कि शाश्वत यौगिक जैविक खेती से ही संभव है। अतः अब हमें अपनी पूर्व पद्धति प्राकृतिक शाश्वत यौगिक जैविक कृषि की ओर लौटना है और समाज को अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाना है। स्वच्छ, स्वर्णिम, सशक्त, समृद्ध भारत का निर्माण करने के लिए किसान बंधु शाश्वत यौगिक जैविक खेती को अपनाकर अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि मुख्यालय माउण्ट आबू में लगभग 100 एकड़ के खेत(तपोवन) में शाश्वत यौगिक जैविक कृषि का कार्य किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार की फसलों पर योग के प्रयोग के बहुत अच्छे परिणाम देखे गए हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आप सभी भी किसान बंधु शाश्वत यौगिक जैविक कृषि को अपनाएं और स्वर्णिम संसार बनाने में अपना योगदान दें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि



आज समय की आवश्यकता प्राकृतिक खेती है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने भी इसका आह्वान किया है। ब्रह्माकुमारीज़ जिला संचालिका ब्र.कु. कुसुम दीदी ने शब्द सुमन से सभी का स्वागत किया। ब्र.कु. मुकेश ने अपना शाश्वत यौगिक जैविक कृषि का अनुभव साझा किया जोकि वह विगत 5 वर्षों से करेली के अंतर्गत कठौतिया ग्राम में कर रहे हैं। जिले से आए हुए लगभग 500 से भी अधिक किसान इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। लगभग 25 से ज़्यादा शाश्वत यौगिक जैविक कृषि करने वाले किसानों को शॉल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंत्री श्री पटेल ने ब्रह्माकुमारीज़ नरसिंहपुर के द्वारा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान का ध्वज दिखा कर शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारीज़ के कला एंव संस्कृति प्रभाग के बाल एवं युवा कलाकारों के द्वारा प्रेरणादाई लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

> **किसान शाश्वत यौगिक जैविक कृषि को अपनाएं और स्वर्णिम संसार बनाने में अपना योगदान दें। आज समय की आवश्यकता प्राकृतिक खेती है। - मंत्री श्री. पटेल**

# आध्यात्मिक शक्ति से ही बनेगा भारत विश्व गुरू

**भोपाल-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ सुख शांति भवन मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर, नीलबड़ में वैश्विक शिखर सम्मेलन 2024 "आध्यात्मिकता द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज" के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए माननीय मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव ने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र देश है जिसने समर्थ होते हुए भी अपने किसी भी पड़ोसी देश पर आक्रमण नहीं किया। सदा ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना लिए सर्व को सहयोग दिया। आपने आगे कहा कि यदि परमात्मा में सम्पूर्ण निष्ठा हो तो परमात्मा का सहयोग सदा ही मिलता रहता है। परमात्मा अदृश्य रूप में सदा हम सब की मदद करते हैं तथा केवल विश्वास एवं सम्पूर्ण निश्चय के साथ ही हम निश्चित जीवन जी सकते हैं। राजयोगिनी ब्र.कु. पुष्पा दीदी ने कहा कि आध्यात्मिक जीवन के

## वैश्विक शिखर सम्मेलन 2024 का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ



द्वारा ही आंतरिक शक्ति एवं अंतर मन में निहित नैतिक मूल्यों को जीवन में अनुभव कर सकते हैं तथा एक आदर्श जीवन व्यतीत कर सकते हैं। ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्थान की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी ने कहा कि भारत का आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग की शिक्षा सारे विश्व को एक नई दिशा दिखाएगी। विश्व में एकता, आपसी सद्भाव, एक स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज के संकल्पना को साकार करेगी। सुख शांति भवन की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. नीता दीदी ने सभी का स्वागत एवं सम्मान किया। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री ने ब्रह्माकुमारी बहनों को प्रतीकात्मक ज्ञान कलश अर्पण कर आध्यात्मिकता द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. रामकुमार भाई ने किया।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/24-26, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2024-26, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12Dec, 2024
स्वामी - आर.ई.आर.एफ, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org